सभी लोगों के लिए मतदान समाधान

डाक द्वारा मतदान करें (VBM) अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

नया VBM मतपत्र कैसा दिखाई देता है?

VBM मतपत्र पूर्ण मतत्र कार्ड होंगे जिनमें मतदान के लिए आवश्यक समस्त जानकारी शामिल होती है। चुनाव के आकार तथा मतपत्र पर चुनाव मुकाबलों की संख्या के आधार पर, VBM पैकेट में एकाधिक कार्ड हो सकते हैं जिन में आगे तथा पीछे चुनाव मुकाबलों की जानकारी होती है।

यदि आप अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में चुनाव सामग्रियों का अनुरोध करते हैं तो आपको VBM मतपत्र आप द्वारा अनुरोध की गई भाषा में प्राप्त होगा।



नया VBM लिफाफा कैसा दिखाई देता है?

Los Angeles काउंटी रजिस्ट्रार कार्यालय से जारी किए गए VBM लिफाफों पर अभी भी स्टैम्प लगी होती है जिस पर लिखा होता है: U.S. डाक सेवा द्वारा अधिकृत की गई आधिकारिक चुनाव डाक। इसके अतिरिक्त, आपको प्रत्येक लिफाफे पर काउन्टी सील मिलेगी। VBM से संबंधित प्रश्नों या मुद्दों के लिए, कृपया 1-800-815-2666, विकल्प 2 पर कॉल करें।

मैं अंग्रेज़ी के अलावा किसी अन्य भाषा में VBM मतपत्र का अनुरोध कैसे कर सकता हूँ?

किसी अन्य भाषा में चुनाव सामग्री का अनुरोध करने के लिए (800) 815-2666, विकल्प 3 पर Los Angeles काउंटी रजिस्ट्रार के बहुभाषी सेवाएँ अनुभाग में कॉल करें।

मैं VBM मतपत्र का अनुरोध कैसे कर सकता हूँ?

आप **LAvote.net** पर ऑनलाइन या नमूना मतपत्र पुस्तिका के पीछे के कवर को भरकर Los Angeles काउंटी रजिस्ट्रार कार्यालय भेजकर VBM मतपत्र का अनुरोध कर सकते हैं।

क्या मेरे चयनों को गिने जाने के लिए मुझे सभी मतपत्र कार्ड वापस करने होंगे?

नहीं, आप वे मतपत्र कार्ड वापस कर सकते हैं जिन पर आप मतदान करना चाहते हैं। ध्यान रखें कि Los Angeles काउंटी रजिस्ट्रार कार्यालय केवल उन्हीं कार्ड की गणना करेगा जिन्हें आप वापस भेजते हैं। सभी मतपत्र कार्ड वापस न करने से आप द्वारा वापस भेजे गए कार्ड पर किसी भी तरीके से कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

यदि मैं अपने VBM मतपत्र कार्ड गुम या क्षतिग्रस्त कर देता हूँ तो मुझे क्या करना चाहिए?

यदि आप अपने एक या एक से अधिक मतपत्र कार्ड गुम या क्षतिग्रस्त कर देते हैं तो आप चुनाव दिवस से 7 दिन पहले तक प्रतिस्थापन सामग्री का अनुरोध कर सकते हैं। यदि प्रतिस्थापन का अनुरोध किया गया है तो हम आपको बिलकुल नया VBM पैकेट भेजेंगे। यदि अवधि चुनाव दिवस से पहले 7 दिन से कम की है तो कृपया हमारे कार्यालय में (800) 815-2666, विकल्प 2 पर संपर्क करें।

सभी लोगों के लिए मतदान समाधान

डाक द्वारा मतदान करें (VBM) अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

यदि मैंने VBM सामग्री के नए सेट का अनुरोध किया है तो मुझे अपने पहले सेट के साथ क्या करना चाहिए?

सभी पुरानी सामग्री पर “निरर्थक” लिखें और उन्हें निरस्त कर दें।

तब क्या होगा यदि वापसी लिफाफे पर हस्ताक्षर न हो या वह फाइल पर दिए हस्ताक्षर से मेल न खाता हो?

Los Angeles काउंटी रजिस्ट्रार कार्यालय आपको भरने तथा हस्ताक्षर करने के लिए एक अहस्ताक्षरित मतपत्र शपथ फॉर्म भेजेगा। आपके पास फॉर्म को हमारे कार्यालय वापस भेजने के लिए चुनाव दिवस के बाद 8 दिनों तक का समय होगा ताकि आपके मतपत्र की गणना हो सके।

क्या मैं अपने VBM मतपत्र को ट्रैक कर सकता हूँ?

हाँ, बिलकुल हमारी वर्तमान **VBM** प्रक्रिया जैसे, मतदाता **LAvote.net** पर अपने मतपत्रों को ऑनलाइन ट्रैक कर सकते हैं।

मैं अपना VBM मतपत्र वापस कैसे भेज सकता हूँ?

आप अपना VBM मतपत्र U.S. डाक सेवा (USPS) के माध्यम से ज़रूरी डाक टिकट लगाकर वापस भेज सकते हैं। यदि आप इसे सीधे ही हमें भेजना चाहते हैं तो आप इसे किसी भी ड्रॉप-ऑफ़ स्थल या मतदान स्थल पर ड्रॉप कर सकते हैं। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप इसे कैसे वापस भेजते हैं, अपने वापसी लिफाफे पर हस्ताक्षर करना तथा तिथि लिखना न भूलें।

VBM मतपत्र डाक द्वारा कब आना शुरू होंगे?

हम चुनाव दिवस से 29 दिन पहले VBM मतपत्र डाक द्वारा भेजना शुरू करते हैं। स्थायी VBM के रूप में पंजीकृत मतदाता डाक के कुछ दिन के बाद अपने मतपत्र प्राप्त करना शुरू कर देंगे। एक बार का अनुरोध रोजाना संसाधित किया जाएगा और अनुरोध के कुछ दिनों के भीतर प्राप्त किया जाना चाहिए।

VBM मतपत्र भरने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?

VBM मतपत्र को काली या नीली स्याही से भरा जाना चाहिए।

USPS के माध्यम से अपना मतपत्र डाक द्वारा भेजने के लिए मुझे कितनी डाक टिकट चाहिए?

अधिकांश चुनावों के लिए, आपको अपना मतपत्र वापस भेजने के लिए एक प्रथम-श्रेणी की टिकट चाहिए होगी। यदि अतिरिक्त डाक टिकट की आवश्यकता होती है तो हम आपके VBM पैकेट में अतिरिक्त जानकारी तथा निर्देश शामिल करेगें।

मैं नए VBM अनुभव के बारे में और अधिक जानकारी कहाँ से प्राप्त कर सकता हूँ?

नए VBM अनुभव के अनुसंधान तथा डिज़ाइन के बारे में अधिक जानने के लिए **VSAP.lavote.net** पर जाएं।